दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 181 मुरादाबाद 29 October 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## देश के लिए खतरा है Fake News, पीएम मोदी बोले- सोशल मीडिया पर कुछ भी शेयर करने से पहले तथ्यों को जांचें




नई दिल्ली, एजेंसी। गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज फर्जी खबरों के खिलाफ जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया को कम करके नहीं आंका जा सकता है और एक छोटी सी फेक न्यूज देश में बड़ा बवाल मचा सकती है। पीएम ने आरक्षण को लेकर देश में फैलाए गए भ्रम का भी इस दौरान जिक्र किया। पीएम ने कहा कि आरक्षण को फैलाई गई फर्जी खबर से देश को नुकसान हुआ था। पीएम ने इसी के साथ लोगों से खास अपील करते हुए सोशल मीडिया पर संदेश साझा करने से पहले तथ्यों की जांच करने को कहा है।

गलत खबर तूफान ला सकती है

हरियाणा के सूरजकुंड में आयोजित गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कानून का पालन करने वाले नागरिकों की सुरक्षा और अधिकारों के लिए नकारात्मक ताकतों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हमारी जिम्मेदारी है। फर्जी समाचार देशभर में एक तूफान ला सकती है। पीएम ने आगे कहा कि हमें लोगों को कुछ भी फॉरवर्ड करने से पहले सोचना होगा, विश्वास करने से पहले सत्यापित करना होगा।

लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए- पीएम ने कहा कि संदेशों को फॉरवर्ड करने से पहले उन्हें सत्यापित करने के लिए सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध विभिन्न तंत्रों के बारे में लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि फर्जी खबरों की तथ्यों की जांच जरूरी है। प्रौद्योगिकी इसमें एक बड़ी भूमिका निभाती है। लोगों को संदेशों को फॉरवर्ड करने से पहले उन्हें सत्यापित करने के तंत्र से अवगत कराया जाना चाहिए। आरक्षण के मुद्दे पर फर्जी खबरों से देश को हुआ नुकसान- प्रधानमंत्री ने कहा कि सोशल मीडिया को सूचना के स्रोत तक सीमित नहीं रखना चाहिए। प्रधानमंत्री ने इस दौरान देश में आरक्षण के मुद्दे पर फैलाए गए भ्रम का जिक्र करते हुए कहा कि उससे देश को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी भी मैसेज को फॉरवर्ड करने से पहले लोगों को 10 बार सोचना चाहिए।

## सीएम योगी आदित्यनाथ बोले- पीएम मोदी के मार्गदर्शन से सुदृढ़ हुई कानून-व्यवस्था, समाज भयमुक्त



हरियाणा के सूरज कुंड में देश के सभी राज्यों के गृह मंत्रियों के राष्ट्रीय चिंतन शिविर में शामिल होने वाले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज इसके समापन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योगदान को जमकर सराहा है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने लगातार ट्वीट से देश तथा प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सुधारने में पीएम नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन का उल्लेख किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हरियाणा के सूरज कुंड में देश के सभी राज्यों के गृह मंत्रियों के चिंतन शिविर को बेहद उपयोगी बताया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सूरजकुंड में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर में शुक्रवार को समापन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अमूल्य मार्गदर्शन वर्चुअल माध्यम से प्राप्त हुआ। जिससे कि हम सभी को आगे मजबूती से काम करने की प्रेरणा भी मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश तथा राज्यों की कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। हर समाज भयमुक्त हुआ है। लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आमजन का विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चिंतन शिविर के समापन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बड़े संकल्प लेने, विरासत पर गर्व, गुलामी की सोच से मुक्ति, एकता-एकजुटता व नागरिक कर्तव्य के पंच प्रण दिए हैं। हम सभी को राष्ट्र निर्माण के मंत्र, इन पंच प्रणों की सिद्धि के लिए एकजुट होकर समर्पित सेवाभाव के साथ जनता के लिए कार्य करना होगा। मिलकर %नया भारत% बनाना है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से उत्तर प्रदेश को स्मार्ट प्रदेश के रूप में प्रतिष्ठित करने एवं लोगों को सुगमता प्रदान करने के लिए विभिन्न सेवाओं को तकनीक से युद्ध स्तर पर जोड़ा जा रहा है। यह तो तय हो गया है कि सुशासन की स्थापना में तकनीक का योगदान महत्वपूर्ण है।

## दिल्ली में मामूली विवाद पर शख्स ने कई लोगों पर चढ़ा दी कार, सामने आया हादसे का डरावना वीडियो



नई दिल्ली-डिजिटल डेस्क। बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके की संकरी गली में बहस के दौरान एक कार चालक द्वारा कई लोगों को रौंदने का मामला सामने आया है। यह पूरा हादसा सीसीटीवी में कैद हो गया है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपित कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। पूरा मामला 26 अक्टूबर का है।

### दो पक्षों में बहस के दौरान लोगों पर चढ़ाई कार

मिली जानकारी के मुताबिक, 26 अक्टूबर ( बुधवार ) को बाहरी दिल्ली के अलीपुर इलाके की एक संकरी गली में मोटरसाइकिल सवारों और कार चालक के बीच मामूली विवाद हो गया। वाहनों को बीच सड़क पर खड़ा कर दोनों पक्ष आपस में बहस करने लगे। इस बीच एक शख्स ने वहां पर खड़े लोगों पर कार चढ़ाकर कुचल दिया। कार की चपेट में आए तीन लोगों को गंभीर चोट आई है और उन्हें नजदीक के अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है।

### आरोपित चालक गिरफ्तार

वहीं, पीड़ितों की शिकायत पर आरोपित कार चालक नितिन को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ आइपीसी की धारा 307 के तहत हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल दिल्ली पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

### सोशल मीडिया पर वायरल हुआ हादसे का वीडियो

दिल्ली पुलिस द्वारा जारी वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि अलीपुर इलाके की एक गली में किसी मसले पर कुछ लोग आपस में बहस कर रहे हैं। इस बीच आरोपित नितिन बहस कर रहे लोगों पर तेज रफ्तार कार चढ़ा देता है। कार की चपेट में कई लोग आ जाते हैं। कार लोगों के ऊपर चढ़ाने के बाद नितिन फरार हो जाता है।

### बहस के दौरान गुस्साए कार चालक ने खो दिया आपा

बताया जा रहा है कि अलीपुर की गली में बहस के दौरान गुस्साए कार चालक नीतिन ने अपना आपा खो दिया। इसके बाद गली में खड़े लड़कों पर अपनी कार चढ़ा दी और इसके बाद फरार हो गया। कार चालक नशे में था या नहीं? इसका खुलासा दिल्ली पुलिस की ओर से नहीं किया गया है।

### 26 सितंबर को आडी कार की टक्कर ने ली थी युवक की जान

गौरतलब है कि पिछले महीने 21 सितंबर को अलीपुर इलाके में ही तेज रफ्तार आडी कार चालक ने नितिन नाम के युवक को रौंद दिया। हैरत की बात यह है कि लोग मदद की बजाए वीडियो बनाते रहे। दरअसल, बाहरी दिल्ली के अलीपुर में तेज रफ्तार आडी चालक ने युवक नितिन को टक्कर मार दी। इससे वह 15 फुट हवा में उछलकर सड़क पर गिरा। सफेद रंग की ऑडी कार को अर्पित अग्रवाल चला रहा था, जो हादसे के बाद कुछ देर तक वहीं खड़ा रहा फिर भाग गया।

# धूमधाम से मनाया भाई-बहन के स्नेह का भैया-दूज

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच





अलीगढ- भाई-बहन के स्नेह का पर्व भैया दूज परंपरागत तरीके से मनाया गया बहनों ने भाइयों के माथे का तिलक और मिठाई खिलाकर अपने भाइयों की उम्र दराज की कामना की 7 भाइयों ने बहनों के पैर छूकर बहनों की रक्षा हेतु वचन दिया भैयादूज का सुबह 6.30 बजे से मुहूर्त शुरू होते ही बहन सुबह जल्दी उठकर तैयारियों में जुट गई मिठाई,

कपड़े और उपहार की खरीदारी के लिए रेलवे रोड, सराफा बाजार, रामघाट रोड, सेंटर प्वाइंट सहित अन्य बाजारों में देर रात तक चहल-पहल रही वैसे तो लोग पर्व से 1 दिन पहले दिन पहले ही घर चले गए थे और जो रह गए थे सुबह बहनों से तिलक कराने के लिए बहनों के घर पहुंचे ट्रेनों में सीट के लिए मारामारी, बसों में भी उमड़ी देखने को मिली भाइयों को गोला पर टीका करती हैं बहने भैया दूज पर मिठाई के साथ बहनें अपने भाइयों को गोला पर टीका कर भेंट करती है जो बहने किसी कारणवश भाइयों के पास नहीं पहुंच पाती है, वे गोला पर टीका कर अपने पास रख लेती है और बाद में भाइयों को भेंट करती है इसके चलते मेवा और परचून की दुकानों पर गोला खरीदने वालों की भीड़ रही दूरदराज जाने वाली बहनों में पहले ही मिठाई की खरीदारी कर ली भाइयों ने भी बहनों को उपहार स्वरूप दी जाने वाले परिधानों की खरीदारी की

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य की मां से बाइक सवारों ने झपट ली चेन

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- गांधीपार्क थाना क्षेत्र में नौरंगाबाद स्थित नौ देवी मंदिर के सामने शाम बाइक सवारों में पूर्व जिला पंचायत सदस्य बबिता सिंह की मां के गले से चेन झपट ली घटना उस वक्त हुई, जब बबिता अपनी मां व बहन के साथ खरीदारी कर ई-रिक्शा से घर लौट रही थी रास्ते में बबिता उतरकर दुकान में सामान लेने जा रही थी

इनके पीछे ई-रिक्शा में बैठी उनकी मां को बदमाशों ने निशाना बनाकर लूट कर डाली धनीपुर मंडी स्थित प्रभात नगर निवासी सुबोध सिंह की पत्नी बबिता पूर्व जिला पंचायत सदस्य हैं गुरुवार शाम को बबिता अपनी मां कुसुम, बहन सोनिका सिंह के साथ रामघाट रोड पर खरीदारी करने गई थी करीब 6=30 बजे ई-रिक्शा में तीनों लौट रही थी नौरंगाबाद स्थित नौ देवी मंदिर के सामने बबिता दुकान पर सामान लेने चली गई कुसुम व सोनिका ई-रिक्शा में बैठी थी पीछे से आए अपाचे बाइक सवार 2 बदमाशों ने कुसुम के गले से चेन तोड़ ली और फरार हो गए चेन लॉकेट टूटकर सड़क पर गिर गया बाद में पुलिस ने लॉकेट तलाशकर दिया आरोपितों ने न तो हेलमेट लगा रखा था और ना ही चेहरे ढके थे पुलिस आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है इंस्पेक्टर पंकज मिश्रा ने बताया कि कुसुम के बेटे तरुण की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है

# एंबुलेंस से अस्पताल ले जा रहे महिला को एंबुलेंस में बच्चे का जन्म

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जनपद के विकास खण्ड गिलौला केअन्तर्गत रघुनाथपुर गांव थाना गिलौला निवासी ठकुरा देवी 25वर्ष पत्नी धर्मपाल की पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर शबनम आशा बहू ने 102 एम्बुलेन्स पर फोन किया सुचना मिलते ही तत्काल एम्बुलेंस श्र 32,772 उक्त गॉव पहुंचकर प्रसव पीड़ित को अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में पीड़ा अधिक होने पर घर वालों की सहमत से एंम्बुलेंस रास्ते में रोककर आशा बहू ने प्रसव करवाया तथा सुरक्षित तरीके से बच्चे का जन्म हुआ । विवेक कुमार शुक्ला एवं पायलट सुनील कुमार यादव ने एम्बुलेंस में सुरक्षित जच्चा और बच्चा को सुरक्षित सी एस सी गिलौला अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

# लक्ष्मी व गणेश भगवान के जयकारों से गूंज उठा हरदत्त नगर गिरंट

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- श्रावस्ती गिरंट क्षेत्र से निकला विसर्जन के लिए गाजे बाजे के साथ निकला माँ लक्ष्मी जी और भगवान श्री गणेशजी का शोभायात्रा और जुलूस।सुरक्षा व्यवस्था में भारी पुलिस बल सीओ अतुल कुमार चौबे, थानाध्यक्ष मल्हीपुर हर्षवर्धन सिंह व चौकी इंचार्ज गिरंट उमेश सिंह तथा पीएससी बल हजारों की संख्या में भक्तगण।17साल पहले गिरंट बाजार निवासी राजेश कुमार गुप्ता ने हनुमानजी के मंदिर गिरंट पर छोटी मूर्ति रखकर शुरू की पूजा अर्चना तभी से शुरू हो गया यहां सिलसिला। हरदत्त नगर गिरंट हनुमानजी के मंदिर तथा जयलालपुरवा, बडघरपुरवा, बरगदहनपुरवा, नव्वापुरवा, दुर्गापुरवा,अयोध्या पुरवा, गडरियनपुरवा गांव से पूजा अर्चना करने के बाद भाकला नदी चौबेडीह गांव निकट विसर्जन किया गया।

*अन्य खबरों के लिए देखे*
WWW.KNLSIVE.COM

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

# अकराबाद में डग्गेमार टेंपो चालकों ने काटी चांद



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- क्षेत्र में भाई-बहन के पवित्र त्यौहार भैया दूज पर बहनों में काफी उत्साह देखा गया सुबह से ही सड़कों पर निजी व सरकारी वाहनों में भीड़भाड़ नजर आई वहीं अकराबाद विजयगढ़ रोड एवं गोपी अड्डे पर टेंपो मालिकों ने जमकर चांदी काटी भीड़ इतनी थी, कि जान जोखिम में डालकर यात्रियों ने अपने गंतव्य तक यात्रा की बहनों ने मायके पहुंचकर चौक सजाकर भाइयों को तिलक लगाया तथा उनकी ईश्वर से सुख समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की

# ग्राम पंचायत रामपुर बस्ती कार्य योजना को लेकर ग्राम पंचायत की बैठक



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर बस्ती मे पूर्व सूचना के अनुसार ग्राम पंचायत की बैठक बुलाई गई जिसमें बैठक पूर्ण रहा बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान तारा यादव ने किया इस मौके पर ग्राम सचिव आशीष कुमार मिश्रा उपस्थित रहे एवं ग्राम पंचायत के निर्वाचित सदस्य मौके पर मौजूद रहे पूर्व कार्रवाई को पढ़कर सुनाई गई तत्पश्चात सचिव द्वारा ग्राम पंचायत में कराए जाने वाले कार्यों की योजना के संबंध में बताया और पूर्ण कार्य योजना तैयार किया इस संबंध में ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा प्रस्ताव रखा गया नाली खड़ंजा मिट्टी पटाई जन्म दर मृत्यु दर परिवार रजिस्टर नकल संबंधी कार्यों पर विशेष चर्चा हुई और वार्ड सदस्यों ने सर्व सम्मत से कार्य योजना का समर्थन किया। इस मौके पर ग्राम पंचायत प्रतिनिधि राम बघेल यादव, वार्ड सदस्य मुजफ्फर खान, मोहम्मद हनीफ, रामचंद्र सिंह, लक्ष्मी देवी ,पूजा यादव, दीपचंद यादव ,ननकू, मोहम्मद आबिद अली, मोहम्मद हनीफ ,अन्य लोग उपस्थित रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# महिला संस्था द्वारा हर साल की भांति इस साल भी एक भव्य विशाल अन्नकूट भंडारा एवं कीर्तन का आयोजन किया गया

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- हमारी महिला संस्था द्वारा हर साल की भांति इस साल भी एक भव्य विशाल अन्नकूट भंडारा एवं कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें हमारे महिला ग्रुप के सदस्यों ने एक साथ मिलकर एकजुट होकर भंडारे को सफल बनाने में तन मन धन से योगदान दिया। विधिवत पूजा अर्चना एवं भगवान को भोग लगाने के बाद प्रसाद वितरण शुरू किया गया जिसमें सभी वर्ग के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया ।



मुख्य रूप से सभी सदस्य अपने परिवार सहित प्रसाद वितरण का हिस्सा बने। भंडारा प्रभु इच्छा तक चला जिसके उपरान्त श्री कुंज बिहारी जी का संकीर्णतन एवं भोग का आयोजन हमारी महिलाओं संस्था द्धारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में संजना भटनागर, दिव्या, स्नेहा शर्मा,,मिली सिक्का, अदिति, मयुरी, तृप्ता सिंह, मानसी, श्रद्धां, रीतिका, निधि, संज्ञा शर्मा, शालिनी, नीलम, हर प्रीत, सुमिता, अनुभा, नेहा महरोत्रा आदि का विशेष योगदान रहता ।

# टूटने के कगार पर था परिवार इंस्पेक्टर श्यामा की समझबूझ ने लौटाया मुश्कान

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- बतौर महिला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी पिछले डेढ़ वर्षो से काफी उत्कृष्ट कार्य रहा हैं।जिसके लिए खुद कप्तान अंकुर अग्रवाल ने प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित भी किया है।ज्ञात हो इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी ने इस माह लगभग 28 परिवारों को अपने समझ बूझ से टूटने से बचाया है।लगभग वर्ष के अपने कार्यकाल में शांत स्वभाव की इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी का बतौर महिला थाना प्रभारी अलीनगर का कार्यकाल बहुत ही सुखद साबित हो रहा है।उन्होंने अभी तक पिछले डेढ़ वर्षो



में लगभग 200 परिवारों को अपने समझ से टूटने से बचाई है वह भी महज कांउसलिंग के जरिए।इनके कॉउंसलिंग का ही देन है कि दाम्पत्य जीवन में हुए विवादों में नौबत तलाक तक आ पहुचने व वह किसी भी सूरत में एक-दूसरे के साथ रहने को तैयार और नाराजगी में घर छोड़कर चले जाने के बाद भी बिखरे हुए घर मे आज खुसी की किलकारी खिल रही है। जनपद की होनहार और बेहद सांत स्वभाव की इंस्पेक्टर श्यामा तिवारी और उनकी अन्य सहकर्मियों की सराहना हर कोई कर रहा।एक घटना का जिक्र शराबी पति और पत्नी में कराया समझौता गायघाट की रहने वाली एक महिला ने प्रकोष्ठ में शिकायत की थी कि उसके पति का किसी से प्रेम सम्बन्ध है जिसके कारण वह उसे प्रताड़ित करते हैं ।जब दूसरे पक्ष की बात भी सुनी गयी तो पता चला कि विवाद की जड़ महिला का बार - बार मायके जाना है। समझाने पर पति-पत्नी मिलजुलकर रहने को तैयार हो गये। इंस्पेक्टर महिला थाना श्यामा तिवारी बताती हैं कि अमूमन हर रोज ही महिलाएं पारिवारिक विवादों को लेकर आती हैं। इनमें कुछ विवाद तो सीधे पति-पत्नी के बीच के होते हैं जबकि अधिकतर परिवार वालों द्वारा लगाये गये आरोप-प्रत्यारोप के चलते विकराल रूप ले चुके होते है।कुछ मामले शक या गलतफहमियों के चलते भी इस कदर बिगड़ चुके होते हैं कि परिवार बिखरने की स्थिति में होता है। 189 ऐसे भी मामले रहे जिसमें शिकायतकर्ता शिकायत करने के बाद दोबारा नहीं आयी अथवा उसने कार्रवाई न करने की इच्छा जतायी। महिला सहायता प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी केवल समझौता कराने तक ही सीमित नहीं है। वह समझौता करने वाली महिला के लिए 'गार्जियन' की भूमिका भी निभा रहा। इसके लिए प्रकोष्ठ 'फीडबैक' का भी नुस्खा आजमा रहा है।

# घर में कैद मां को छुड़ाने व जान माल की रक्षा का गुहार लगाने एडिशनल कमिश्नर कार्यालय पहुंचा पुत्र

तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी-कमिश्नरेट वाराणसी के सिगरा थाना के लल्लापुरा निवासी मोहम्मद आजम पुत्र मरहूम बशीर ने एडीशनल कमिश्नर संतोष कुमार सिंह के यहां न्याय की गुहार लगाया दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसका भाई व बहन और भाभी षड्यंत्र के तहत उसके घर को कब्जा करने की नियत से उसके मां को कैद कर बाहर से ताला बंद कर दिया है आजम की मां हार्ट की पेशेंट है जिनकी उम्र 58 साल है जिन्हें लगातार देखभाल के लिए अस्पताल जाना पड़ता है उन्होंने स्थानीय चौकी इंचार्ज लल्लापुरा को पर



गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि इनके मिलीभगत से ही हमारे घर के भाई बहन व भाभी ने ऐसा कार्य किया है लगातार में न्याय के लिए थाने और चौकी दौड़ता रहा लेकिन किसी ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया अत: आज एडिशनल कमिश्नर के एप्लीकेशन लेकर मोहम्मद आजम ने न्याय की उम्मीद जताई है

# किराया मांगने पर बस ड्राइवर व कंडक्टर के साथ मारपीट गाड़ी में की तोड़फोड़

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- थाना क्षेत्र में पनेठी गंगीरी रोड पर गांव कासिमपुर में कुछ लोगों ने किराये को लेकर प्राइवेट बस ड्राइवर कंडक्टर के साथ मारपीट कर दी। इतना ही नहीं गाड़ी में ईंट पत्थर मारकर गाड़ी के शीशे तोड़ दिये। मामले में अलीगढ़ गंगीरी बस यूनियन के अध्यक्ष बाबा गिर्राज सिंह ने आरोपी के खिलाफ थाने में लिखाई रिपोर्ट में कहा है कि ड्राइवर नगेंद्र पुत्र राजपाल सिंह निवासी सिकंदरपुर, कंडक्टर रवि कुमार पुत्र मुनेश पाल सिंह निवासी जिरौली हीरा सिंह गुरुवार की शाम बस का नंबर लेकर कासगंज जा रहे थे। बस में बैठे दो अज्ञात लोगों से जब कंडक्टर ने किराए के पैसे मांगे तो उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया। रवि ने किसी तरह उन से किराया ले लिया तो इसी बात से क्रोधित होकर दोनों ने अपने गांव पर फोन कर दिया। जैसे ही बस गांव कासिमपुर पर पहुंची तो उन्होंने वह पहले से खड़े कुछ अन्य लोगों ने ड्राइवर के साथ मारपीट करते हुए गाड़ी के शीशे तोड़ दिए। मारपीट में कंडक्टर रवि के काफी चोटें आई हैं। मामले में प्रभारी निरीक्षक राम वकील सिंह ने बताया है अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

# छठ पर्व से पूर्व-नमामि गङ्गे ने घाटों पर चलाया स्वच्छता अभियान



तौफीक खान
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

वाराणसी- शुक्रवार को नहाय खाय के साथ ही डाला छठ पर्व का शुभारंभ हो चुका है।इसी के साथ घाटों पर अपने स्थानों को निर्धारित कर वेदियां बनाने का क्रम शुरू हो गया।गंगा निर्मलीकरण हेतु प्रयासरत संस्था नमामि गंगे गंगा विचार मंच के तत्वावधान में छठ पर्व के पूर्व राजघाट से पंच अग्नि अखाड़ा घाट तक स्वच्छता अभियान चलाया गया।सदस्यों ने श्रमदान कर सिल्ट से बहुतायात मात्रा में कपड़े, प्लास्टिक, बोतलें आदि कूड़े-कचड़े को बाहर कर कूड़ेदान तक पहुँचाया।स्नान कर रहीं महिलाओं से साबुन शैम्पू का प्रयोग करने से मना किया गया।साथ ही गंगा तट पर स्वच्छता बनाये रखने की अपील की।विशाल प्रोटेक्शन फोर्स द्वारा लगाएं गए पम्प से सिल्ट की सफाई की गयीं।महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरि ने बताया कि दिवाली पर्व के उपरांत श्रद्धालुओं द्वारा निर्माल्य सहित लक्ष्मी गणेश आदि देव प्रतिमाओं का विसर्जन गंगा में किया जाता है।इन मूर्तियों पर केमिकल युक्त पेंट का प्रयोग किया जाता है।जो गंगा के लिए हानिकारक हैं।साथ ही लौकिक दृष्टि से भी ठीक नहीं है।स्नान के दौरान स्नानार्थी स्वयं भी इनसे चोटिल हो जातें हैं।आयोजन में मुख्य रूप से महानगर सहसंयोजक शिवम अग्रहरि, महानगर सहसंयोजक रामप्रकाश जायसवाल, शिवांगी पांडेय, जय विश्वकर्मा, रेखा विश्वकर्मा, मोहन, रजत आदि उपस्थित रहें।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



# संपादकीय Editorial

# Insensitive society

The viral video of a 12-year-old girl in pain in the compound of a government guest house in Kannauj, pleading for help, and taking pictures of her from mobile instead of taking her to the hospital is embarrassing, while the local The scene of outpost in-charge Manoj Pandey running towards the hospital with her in his lap assures that everything is not Rita right now. Any appreciation for this police officer is less. According to preliminary information, the girl had gone out to buy a piggy bank from the market on Sunday evening, but did not reach home till late in the night, so the family started looking for her. The girl's condition is critical, and she has been taken to Kanpur for treatment. The details of this incident will be known only by a complete police investigation, but it needs to be tested on the test of humanity.

This is not the first time such a video has surfaced. This trend is increasing and it should be a matter of concern for us as a civilized society. There was a time, when in road accidents people used to shy away from helping anyone, who got into the 'luff' of the police? This view was taken as a negative comment on our civic system. But in recent years, people have started coming forward for help due to improvements in road-safety laws and incentive schemes of governments. Arguably, this change has saved countless lives. But the growing popularity of smartphones and social media has led Gurez to seek joy in the suffering of others, with the help of some apprehension and fear. After all, what else could be the motive behind making a video or taking down a picture of a suffering helpless girl? Undoubtedly, technology has played an important role in the development of human civilization, but we have decided the journey of humanity with the help of human values. That is why whenever one seems to be moving away from these values, there is concern. Should be No society in the world can progress only on the basis of machinery and government, it has to fulfill its duties also. Those who were busy taking photographs of the bleeding child of Kannauj instead of taking her to the hospital, did they follow their civil dharma? Why should action not be taken against such spectators? If it is a commendable act to highlight any harassment, exploitation or deficiency through mobile videos and social media, then making a spectacle of someone's suffering is also a criminal act. This virtual pleasure is a major contributor to the increasing crime against girls and women across the country and needs to be discouraged. See the irony that someone has also exposed the faces of such people with the help of this medium. Sarveshwar Dayal Saxena, decades ago, gave a simple test of being a human being - if there is a fire in one room of your house, can you sleep in another room? / So can you / can you pray in the other room? We have to stop our society from reaching this state. If something is rotting inside it, it needs to be treated.

अन्य खबरों के लिए देखे. WWW.KNLSIVE.COM

# Seeing Archana Gautam's amazing transformer, people flew away, said - if you have money....

Bigg Boss 16 contestants have become the favorite of the audience. She is entertaining people in the show. At the same time, she is also putting full effort in playing the game. Along with reel life, people are now taking interest in Archana's real life as well. In such a situation, the number of followers on his social media account has also increased. Meanwhile, a picture of Archana from the year 2010 is going viral. In this, people are making different types of comments by comparing the old look with Archana's now. Archana has also written a long caption with this picture. This photo was shared on his Instagram account in July this year. Archana got skin lightening done? - Archana considers Gautam to be the most evil child in the Bigg Boss house. She harassed the family members a lot with her antics and also gets camera footage. Now the old picture of Archana is going viral on social media. In this photo, she is seen wearing something like a T-shirt in short hair. There seems to be a big difference between their now-nain-Naksha and the old features. Many people have written in the comment section that Archana has got botox and skin lightening treatment. Another comment is, if you have money you can do anything. Wrote - No struggle - Archana has written in the caption of the picture, what people will say, people's work is to say, what people will think, hey people will say what they are wearing. Archana has written that why people do not let her live in peace. How did she reach here, people will see only dirt in it. Have people ever thought about their struggle? In the caption, Archana has described people's thinking as dirty.



# Maniesh Paul's son is a fan of Virat Kohli, Manish said because of Virat..

Manish Paul recently met Indian cricketer Virat Kohli and he has posted a picture describing this meeting as special. Maniesh Paul posted a picture of himself with son Yuvan, Virat Kohli on Instagram. With this photo, Virat also wrote a special note. Let us tell you that Manish Paul has clicked this picture during a shoot with Virat Kohli. Yuvan came to meet Virat after leaving football class - In his Instagram post, Maniesh Paul told that his son Yuvan is a big fan of Virat. Manish told that as soon as his son came to know that I have a shoot with Virat, he left his football class and immediately reached to meet Virat. Manish wrote in his post, 'Yuvan, it was a very special day for my son, he loves Virat very much. When he came to know that I was shooting with him (Virat Kohli), he left his football class and ran to meet him. Manish further said, 'I could see the gleam in his eyes. The moment he saw Virat...Thanks Virat Kohli,...Yuwan will always remember this first meeting with his cricket star...He sticks to matches especially now more when you are playing. It's great to see the way he cheers during the India-Pakistan match. This is your influence, Virat. May you be happy and continue to inspire the coming generation like this.' Fans said on the picture of Virat, Yuvan and Manish - Fans are showering a lot of love on this picture of Virat, Yuvan and Manish. Many fans have made many likes and comments on this photo. One fan wrote, 'Virat is a legend, hope your son is completely inspired by him.' Another fan wrote, 'This kid is really happy.'



# रोड पर अलाउंस कर पब्लिक को कराया जागरूक

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-भैया दूज के त्योहार के चलते एस एस पी उदय शंकर सिंह के कड़े निर्देशों के का पालन करते हुए कोतवाली नगर स्पेक्टर डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह ने सभी चौकियों के इंचार्ज जो को दिए कडे निर्देश और स्वयं भी जी की रोड पर अलाउंस कर पब्लिक को कराया जागरूक एटा कोतवाली नगर के मंडी चौकी इंचार्ज अनूरूध सिंह भी दिखे सतर्कता में एस आई इकबाल खान और कॉस टेबिल महीपाल चौधरी एवं कॉस्ट विल अनिल और चौकी का समस्त स्टाफ अलीगंज तिराहे पर पल पल में रहे अलर्ट और किया गया

अलाउंस जागरूक जनपद अलीगंज तिराहे पर खास तौर से सतर्कता में प्रशासन लुटेरों के अड्डे पर चौकसी



बरती प्रशासन ने और अलाउंस कर पब्लिक को किया जागरूक जो भी माताएं बहने अपने घर त्योहार मनाने जा रही है। उनको कड़े निर्देशों का पालन करने को लिए भी कराया जागरूक और अपने पास रखे हुए सामान की सुरक्षा स्वयं करें जैसे मोबाइल पर्स और जेवरात का सही से रखरखाव पालन करें। और अगर किसी व्यक्ति के साथ कोई घटना घटित होती है तो तत्काल प्रभाव से प्रशासन को सूचित करें ताकि उस घटना के चलते किसी और के साथ घटना ना हो सके प्रशासन आपकी पूर्ण रूप से मदद के लिए हमेशा आपके साथ 24 घंटे मौजूद है। हम आपकी मदद कर रहे हैं। आपके घर तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए आप घर तक सुरक्षित पहुंचेंगे तभी हमारे कड़ी मेहनत को कामयाबी मिलेगी होगी

## एटा बुक फेयर ( पुस्तक मेला ) 2022 दिनांक -17 ,18 ,19 एवं 20 नवंबर को

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-महत्वपूर्ण बैठक एटा बुक फेयर( पुस्तक मेला ) 2022 आप सभी को हर्ष के साथ अवगत कराना है कि- विगत वर्षों में आयोजित एटा बुक फेयर( पुस्तक मेले ) की सफलता से उत्साहित होकर प्रकाशकों के अनुरोध पर एक बार पुन: एटा बुक फेयर ( पुस्तक मेला ) 2022 दिनांक -17 ,18 ,19 एवं 20 नवंबर 2022को राजकीय इंटर कॉलेज एटा के मैदान पर आयोजित किया जा रहा है एटा बुक फेयर ( पुस्तक मेले ) को विगत वर्षों की भांति सफल बनाने तथा उसके तैयारियों से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आज दिनांक 27 अक्टूबर2022 सांय 5 बजे राजकीय इंटर कॉलेज एटा के स्काउट एवं खेल भवन में आहूत की गई है आप सभी से अनुरोध है कि पुस्तक मेले के आयोजन में विगत वर्षों में पाई गई कमियों को दूर करने तथा पुस्तक मेले को एक नया एवं भव्य स्वरूप प्रदान करते हुए उच्च स्तर पर पहुंचाने हेतु बैठक में समय? से उपस्थित रहकर अपने विचार व्यक्त करने का कष्ट करें ताकि पुस्तक मेला अपनी भव्यता के साथ आयोजित हो सके – आयोजक -संजीव कुमार -एआरएम कासगंज डिपो एटा

## चलो माता जी मैं कार्रवाई कराता हूं

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-चलो माता जी मैं कार्रवाई कराता हूं चलो माता जी मैं कार्रवाई करवाता हूं। मेरी बेटी लापता डेढ़ माह से लापता है और मेरा कोई बेटा नहीं है। एएसपी ने भावुक होते हुए कहा कि माता जी मैं भी तुम्हारे बेटा जैसा ही हूं और अपनी गाड़ी में बैठाकर पीड़ित वृद्धा को लेकर एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह थाना जैथरा लेकर पहुंचे और जैथरा पुलिस को जल्द कार्रवाई के आदेश दिए साथ ही वृद्धा को फल देते हुए कार्रवाई का आश्वासन दिया। गुरूवार को एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह कोतवाली अलीगंज का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान सीओ अलीगंज कार्यालय भी पहुंचे। वहां पर थाना जैथरा के एक गांव निवासी पीड़ित मां बैठी हुई थी। शिकायत लेकर सीओ के पास आई थी। महिला को देख एएसपी रूक गए और पीड़िता के पास बैठकर समस्या सुनी और पीड़िता को लेकर थाना जैथरा पहुंचे और पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए। पीड़िता की बेटी डेढ़ माह से गायब थी। घर जाते समय एएसपी ने पीड़ित मां को फल दिए और संतुष्ट होकर घर भेजा। इसके बाद थाना जैथरा जसरथपुर होते हुए सरौठ पिकेट पर पहुंचे और निरीक्षण करते हुए पुलिस को निर्देश दिए। इससे पहले अलीगंज कोतवाली में औचक निरीक्षण कर बीट रजिस्टर, अभिलेख भी देखे।

# भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा


निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-चित्रगुप्त जयंती यमद्वितीया के अवसर पर भगवान चित्रगुप्त की भव्य शोभायात्रा का जिला चित्रगुप्त कल्याण समिति एटा सम्बद्ध अखिल भारतीय कायस्थ महासभा द्वारा आयोजन कायस्थ भवन से किया गया। शोभा यात्रा से पूर्व रेवाड़ी मोहल्ला स्थित भवन पर कलम दवात अस्त्र पूजन हवन कर किया गया। इसके बाद भगवान चित्रगुप्त जी की शौभायात्रा एवं आकर्षक झांकियों का शुभारंभ डॉ राजीव कुलश्रेष्ठ, डॉ राजेश सक्सैना, डॉ अनिल सक्सेना, डॉक्टर मयंक कुलश्रेष्ठ ने संयुक्त रूप



से हरी झण्डी दिखाकर किया। साथ ही समिति के अध्यक्ष रविंद्र साहय, महामंत्री अनिल प्रकाश सक्सेना ने भगवान चित्रगुप्त जी की शोभा यात्रा का विभिन्न स्थानों पर शहर के गणमान्य नागरिक एवं जनप्रतिनिधियों ने आरती उतार कर स्वागत किया समिति के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मान किया सदर विधायक विपिन वर्मा ( डेबिट ) नगरपालिका एटा पूर्व अध्यक्ष राकेश गांधी एवं प्रमोद गुप्ता वरिष्ठ भाजपा नेता ने एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वागत किया। चित्रगुप्त जी शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण का केंद्र चित्रगुप्त जी का रथ एवं शिव परिवार की झाकी मां दुर्गा की झांकी, काली मण्डल की बजरंग बली झांकी के साथ बैंड बाजों की धुन साथ शहर के पटियाली गेट, होली मोहल्ला ननूमल चौराहा, बली मोहम्मद चौराहा, कैलास मंदिर, हाथीगेट, जीटी रोड से होते ठन्डी सड़क से होकर मेहता पार्क स्थिति समिति के पूर्व अध्यक्ष स्व0 [ प्रेमनारायण सक्सेना के आवास पर समापन हुआ। जगह जगह चित्रांश बंधुओं ने भगवान चित्रगुप्त जी की आरती उतारी एवं पुष्प वर्षा की। सोभायात्रा का निर्देशन युवा शाखा एवं मेला संयोजक मनोज कश्यप, युवा प्रदेश अध्यक्ष अमित जौहरी एडवोकेट ने किया । शोभायात्रा में मुख्य रूप से अनुपम जौहरी, सुधीर सक्सेना पत्रकार, सतीश सक्सेना, सुभाष सक्सेना, पंकज कनौजिया, राकेश चन्द्रा, मनवेन्द्र कुदेशिया, अवधेश कुदेशिया, शुभम सरन सक्सेना, श्रीमती मंजुला रमन, श्रीमती इंद्रा सहाय, डॉ0 ऊषा किरण, अलका सहाय, प्रदीप बिसारिया, सुधीर सक्सेना, करणवीर सक्सेना, आदेश सक्सैना, शशि किशोर सक्सैना, अनिल प्रकाश सक्सेना, मुकुल सक्सैना, डॉ राकेश मधुकर, वैभव राज सक्सेना, डॉ अंशुमान जौहरी, राजेश माथुर, शुशील कुलश्रेष्ठ, संजय मोहन सक्सेना, सुशील श्रीवास्तव, नवेन्द सक्सेना, सोनम सक्सेना, अंकित कुरेशिया आशीष कुदेशिया, लालबहादुर सक्सैना, आलोक जौहरी, श्रीमती शिप्रा जौहरी, श्रीमती ऊषा सक्सैना, रेनू विसारिया, अमिताभ बिसारिया, हिमांशु कुलश्रेष्ठ, राकेश कुलश्रेष्ठ, निर्देश कुदेशिया, दीनेश्वर सहाय, नवनीत सक्सैना, रतन प्रकाश सक्सेना, रवि सक्सैना एडवोकेट, हिमांशु अस्थाना, अमित कुमार जौहरी एडवोकेट, संजीव सक्सैना, बहुत बड़ी संख्या में चित्रांश बंधु मय परिवार मौजूद रहे।

## अज्ञात महिला ने लगाई फाँसी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-अज्ञात महिला लटकी मिली पेड़ पर 50 वर्षीय महिला सड़क किनारे लटकी मिली आम के पेड़ पर गाँव से 100 मीटर दूरी पर लटकी मिली महिला मौके पर पहुचे थाना इंचार्ज छत्रपाल सिंह पूरा मामला मिरहची क्षेत्र के ग्राम पंचायत हजरतपुर करनपुर का है

WWW.KNLSIVE.COM

## जैथरा के पूर्व चेयरमैन को पड़ा दिल का दौरा, निधन

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा जैथरा के पूर्व चेयरमैन को पड़ा दिल का दौरा, निधन पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार गुप्ता का हुआ निधन पूर्व चेयरमैन को सुबह घर पर पड़ा दिल का दौरा परिजन इलाज हेतु ले गए थे मेडिकल कॉलेज मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों ने मृत किया घोषित पूर्व चेयरमैन के निधन की



खबर मिलते ही क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर शोक में जैथरा कस्बा के बाजार बंद शोक संवेदना व्यक्त करने को शुभचिंतकों का घर पर लगा तांता पूर्व चेयरमैन ने 23 अक्टूबर को ही भाजपा का थामा था दामन नगर पंचायत जैथरा से एक बार रहे हैं चेयरमैन

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का आकलन शिविर का आयोजन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- नगर पालिका परिषद सूरजपुर के मंगल भवन में समावेशी शिक्षा अंतर्गत विशेष आवश्यकता वाले दिव्यांग बच्चों का आकलन शिविर का आयोजन कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक सुश्री इफ्फत आरा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला परियोजना संचालक सुश्री लीना कोसम के निर्देशन पर एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री विनोद राय तथा जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा श्री शशिकांत सिंह के मार्गदर्शन में एवं सोमनाथ चौबे सहायक परियोजना समन्वयक समावेशी शिक्षा एवं श्री रविंद्र सिंह देव सहायक संचालक समग्र शिक्षा के समन्वय से आकलन शिविर का आयोजन किया गया । आयोजित कार्यक्रम में 256 अभिभावक एवं दिव्यांग छात्र छात्राओं ने भाग लिया इस शिविर में स्वास्थ्य विभाग एवं समाज कल्याण विभाग का विशेष सहयोग रहा स्वास्थ विभाग की मेडिकल बोर्ड की टीम के द्वारा दिव्यांग बच्चों का चिन्ह अंकन कर



मेडिकल प्रमाण पत्र मौके पर प्रदान किया गया । स्वास्थ्य विभाग की टीम में रोहित पटेल मेडिसिन विशेषज्ञ डॉक्टर सीमा गुप्ता डॉक्टर जी एस पैकरा डॉ. राजेश पैकरा मनोरोग विशेषज्ञ तेरस कवर नेत्र रोग विशेषज्ञ श्री मारुति नंदन चक्रधारी नेत्र सहायक श्री संजय कुमार गुप्ता ऑडियोमेट्री सहायक श्री सचिन माथुर कर एवं श्री दुर्गा दास मुंडा सहायक ग्रेड 3 का महत्वपूर्ण भूमिका रही आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने में समावेशी शिक्षा संकुल समन्वयक, सुरविंद गुर्जर एवं दिनेश कुमार द्विवेदी सहायक परियोजना समन्वयक का महत्वपूर्ण योगदान रहा श्री शशिकांत सिंह जिला मिशन समन्वयक ने विभागीय प्रतिवेदन तथा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक वर्णन किया श्रीमती तिर्की मैडम उप संचालक समाज कल्याण विभाग के द्वारा विभाग में चल रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री लीना कोसम के द्वारा दिव्यांग बच्चों के उत्थान के संबंध में बताया गया अंत में श्री रविंद्र श्री देव सहायक संचालक के द्वारा कार्यक्रम के संबंध में आभार प्रदर्शन किया गया।

# जिला स्तरीय एफएलएन टास्क फोर्स समिति का बैठक सम्पन्न

रामचंद्र जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम के निर्देशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में तथा जिला मिशन समन्वयक शशिकांत सिंह एवं सहा. संचालक रविन्द्र सिंह देव के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन हेतु जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया जिसमें बच्चों की मूलभूत भाषाई एवं गणितीय दक्षता हासिल कराये जाने हेतु विभिन्न नवाचारों के माध्यम से किया जाना है। एफएलएन, जिला टास्क फोर्स द्वारा जिले के सभी प्राथमिक स्तर पर एक समावेशी कक्षा का निर्माण हो जिसमें खेल, खोज और गतिविधि - आधारित शिक्षा शास्त्र को शामिल करते हुए अध्यापन हो। कक्षा शिक्षण में बच्चों की दैनिक जीवन की स्थितियों एवं परिवेश को शामिल करते हुए बच्चों की घरेलू भाषाओं को औपचारिक रुप से शामिल कराना। बच्चों की झिझक दूर करते हुए उन्हें सक्षम बनाने हेतु सतत् पढ़ने एवं लिखने का कौशल विकसित करते हुए सीखने के लिए स्व - प्रेरित, स्वतंत्र एवं समझने वाले पाठक तथा लेखक बनने के लिए तैयार करना। सभी बच्चों में मूलभूत गणितीय एवं भाषाई कौशल विकसित किये जाने हेतु जिला स्तर से आवश्यक प्रयास एवं कार्य वाहियां सुनिश्चित कराना है। प्राथमिक शालाओं एवं बालवाड़ी में स्थानीय स्तर पर मेंटर की नियुक्ति, शालाओं में खिलौना कार्नर,गणित किट, पॉकेट बोर्ड, मुखौटे, कक्षा पुस्तकालय एवं अन्य उपयोगी संसाधन व्यवस्थित कर उपयोग में लाना। सुरविन्द कुमार गुर्जर ( सहा. परियोजना समन्वयक ), डॉ. विनोद कुमार दुबे ( बी.ई.ओ ), विशुन राम पैकरा ( बीआरसीसी ), अनुरागवेन्द्र सिंह बघेल ( सीएसी ), मुकेश त्रिपाठी ( सहा.शिक्षक ), जयराम प्रसाद ( बी.पी.ओ साक्षर भारत ) उपस्थित रहे एवं श्रीमती रजिया मकबुल ( सहा.प्राध्यापक ) डाइट अम्बिकापुर वर्चुअल उपस्थित रही। पीएमयू जिला सूरजपुर टीम से हेमसाय राजवाड़े ( आई.टी. एक्सपर्ट ), प्रदीप कुमार पटेल ( न्यूमेरेसी एक्सपर्ट ) उपस्थित रहे।

# माँ महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई सत्र 2022 -23 का शुभारंभ

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- स्कूल शिक्षा एवं सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने आज सूरजपुर जिले के विकासखण्ड प्रतापपुर के ग्राम केरता स्थित मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना में गन्ना पेराई सत्र 2022-23 का शुभारंभ विधिवत पूजा-पाठ कर किया। इस अवसर पर मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने गन्ना पेराई आयोजित कार्यक्रम में किसानों को बधाई देते हुए कहा कि किसानों के हित में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। राज्य सरकार ने किसानों को लाभान्वित करने बोनस राशि देने स्वीकृत किया है बोनस राशि दी जाएगी। अच्छा गन्ना आएगा, पेराई होगी, शक्कर बनेगा और किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों को अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए वैकल्पिक कृषि करने की आवश्यकता है। मंत्री ने कहा कि शक्कर कारखाना में गन्ना की आपूर्ति के लिए किसान बड़ी संख्या में अपने खेत में इसका उत्पाद कर लाभ उठा सकते हैं। कारखाना स्थापना से क्षेत्र के गन्ना उत्पादक कृषकों की जीवन स्तर में सुधार आया है। कारखाना के पेराई सत्र एवं मरम्मत कार्य के दौरान प्रति दिवस आस-पास के गांवों के लगभग 300-400 मजदूरों, बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। इससे उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है।




कारखाने में 20 केएलपीडी ईथेनॉल प्लांट स्थापना हेतु बसंतदादा शर्करा संस्थान पुणे से डीपीआर तैयार कराया जा चुका है। राज्य शासन से इसका प्रस्ताव स्वीकृत किया गया है, जिससे संस्था की आय में अतिरिक्त लाभ अर्जित होगी। कारखाने में 6 मेगावाट टरबाइन स्थापित है जिसमें से 3.5 से 4 मेगावाट का पेराई सीजन के दौरान विद्युत का उपयोग किया जाता है शेष 2 से 2.5 मेगावाट विद्युत विक्रय हेतु आवश्यक एग्जिट इन्फ्राट्रक्चर के अंतर्गत स्विचयार्ड, सिंक्रोनाइजेशन पैनल का निर्माण 90 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा नवंबर माह के आखिरी दिनों में यह कार्य प्रारंभ हो जाएगा। कारखाने में 20 हजार मीट्रिक टन का नवीन स्थायी शक्कर गोदाम निर्माण एवं 5 हजार मीट्रिक टन मोलासिस टैंक निर्माण किया जा रहा है। शक्कर गोदाम का निर्माण कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है एवं मोलासिस टैंक निर्माण कार्य लगभग 50 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। उन्होंने पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष का पेराई सीजन आप सब के सहयोग से अनवरत एवं बहुत अच्छे से संपादित हो। सभी गन्ना उत्पादक किसान भाइयों एवं कर खाने संबद्ध समस्त इंजीनियर तथा कर्मचारी साथियों को शुभकामनाएं दी। गन्ना पेराई सत्र 2022-23 में जिला सरगुजा, सूरजपुर एवं बलरामपुर के 16 विकास खण्डों से गन्ना रकबा 10,958.782 हेक्टेयर से 17,240 पंजीकृत कृषकों को 4 लाख मीट्रिक टन गन्ना पेराई करने का लक्ष्य रखा गया है। भारत सरकार द्वारा इस वर्ष गन्ने का समर्थन मूल्य रिकवरी 9.50 प्रतिशत पर निर्धारित 282. 125 रुपए प्रति क्विंटल भुगतान किया जाएगा साथ ही रिकवरी 9.5 प्रतिशत से अधिक होने पर 1 प्रतिशत पर 3 .05 प्रति क्विंटल प्रति क्विंटल अतिरिक्त गन्ना मूल्य भुगतान किया जाएगा।

इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने किसानों को बधाई देते हुए कहा कि गन्ना पेराई प्रारंभ होने से सूरजपुर, सरगुजा, बलरामपुर तीनों जिले के किसानों को लाभ मिलेगा उन्होंने अधिक से अधिक गन्ना विक्रय कर लाभ अर्जित करने कहा। उन्होंने धान के बदले अन्य फसल लेने कहा जिससे किसानों को अतिरिक्त आय की प्राप्ति होगी। इसी तरह मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना के अध्यक्ष श्री विद्यासागर सिंह एवं उपाध्यक्ष श्री जितेंद्र दुबे ने किसानों को सही समय में गन्ना विक्रय करने कहा जिससे किसानों के गन्ने सही समय में खरीदी की जा सके। उन्होंने सभी किसानों को निश्चिंत होकर गन्ने का विक्रय करने कहा इस अवसर पर मंत्री प्रतिनिधि कुमार सिंह देव, एसडीएम श्रीमती दीपिका नेताम, तहसीलदार श्री प्रतीक जायसवाल मां महामाया सहकारी शक्कर कारखाना के महाप्रबंधक श्री एम . मिंज, प्रबंध संचालक आकाशदीप पात्रे, संचालक मंडल के सदस्य, अधिकारी कर्मचारी, किसान एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे। मंच संचालन डॉ. राकेश मोहन मिश्रा, आभार प्रदर्शन प्रबंध संचालक श्री आकाशदीप पात्रे द्वारा किया गया।